# बोलो बोलो मावड़ी | By Akash - Parichay

अँखियाँ ना चुराओ दादी मांगने ना आये हैं
हम तो दादी आज आपका हाल जानने आये हैं
बोलो बोलो मावड़ी आप कैसे हो

इतना काम करोगी तो दादी तुम थक जाओगी
एक पल की ना फुर्सत दादी खाना तुम कब खाओगी
थोड़ा तो आराम करो हम ये बतलाने आये हैं
हम तो दादी आज आपका हाल जानने आये हैं
बोलो बोलो मावड़ी आप कैसे हो

थक जाओ तो कह देना हम पैर तेरे दबा देंगे
भाव भरे भजनो की दादी लोरियां सुना देंगे
तेरी सेवा करने दादी तेरे बच्चे आये हैं
हम तो दादी आज आपका हाल जानने आये हैं
बोलो बोलो मावड़ी आप कैसे हो

अपनी भी तो सोच दादी बच्चों के ये अर्ज़ी है
कहना हमारा फ़र्ज़ है दादी आगे तेरी मर्ज़ी है
योगी मेरा सब है तेरा ये जतलाने आये हैं
हम तो दादी आज आपका हाल जानने आये हैं
बोलो बोलो मावड़ी आप कैसे हो

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a5%8b%e0%a4%b2%e0%a5%8b-%e0%a4%ac%e0%a5%8b%e0%a4%b2%e0%a5%8b-%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%b5%e0%a4%a1%e0%a4%bc%e0%a5%80-by-akash-parichay/